# न्यायालय सहायक कलक्टर एवं पदेन उपखण्ड अधिकारी
# पीपाड़ शहर जिला जोधपुर

पीठासीन अधिकारी, श्रीमती मृदुला शेखावत आर.ए.एस.
राजस्व प्रार्थना पत्र संख्या – 170/2024
जीसीएमएस सं. – 2024/273

–:: प्रार्थीगण ::–

1. गीतादेवी पुत्री किरताराम
2. पुराराम पुत्र किरताराम
3. मदनलाल पुत्र किरताराम
4. सुवा पत्नि किरताराम

सभी जातियान मेघवाल निवासी मेघवालो का बास खेजड़ला रोड़ चिरड़ाणी तहसील पीपाड़ शहर जिला जोधपुर।

बनाम

–:: अप्रार्थीगण ::–

1. विमल चौरड़िया पुत्र पुखराज जाति महाजन निवासी चिरड़ाणी तहसील पीपाड़ शहर जिला जोधपुर हाल निवास बेगूलर ।
2. भूमिधारी जरिये तहसीलदार पीपाड़ शहर जिला जोधपुर।

**प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 251 क राजस्थान काश्तकारी अधिनियम**

दर्ज तारीख :– 13.08.2024

उपस्थित अधिवक्ता :–
1. श्री मन्सुर अली छीपा अधिवक्ता प्रार्थी

## निर्णय

दिनांक : 17/06/25

प्रार्थीगण ने एक राजस्व प्रार्थना पत्र धारा 251 क राजस्थान काश्तकारी अधिनियम के तहत इस आशय का पेश किया है कि प्रार्थीगण ग्राम चिरडाणी के स्थायी मूल निवासी है एवं कृषि कार्य, पशुपालन, मजदूरी करके अपने परिवार का पालन पोषण करते आये है। ग्राम चिरडाणी की राजस्व सीमा में प्रार्थीगण की खातेदारी कब्जासुद्धा कृषि भूमि खसरा नम्बर 1160/409 क्षेत्रफल 0.7766 हैक्टेयर भूमि आई हई है। उक्त रास्ता को आगे प्रार्थना पत्र में वादग्रस्त रास्ता के नाम से सम्बोधित किया जायेगा वादग्रस्त रास्ता को संलग्न नजरी नक्शे मे लाल स्याही के मध्य दर्शाया गया है। संलग्न नजरी नक्शे को प्रार्थना पत्र का अभिन्न अंग माना जावे। वादग्रस्त रास्ता से प्रार्थीगण पीढीयों से अपने आवागमन हेतु एवं बैल छकड़ा, ट्रेक्टर ट्रोली, मवेशियो को लाने ले जाने हेतु काम में लिया जाता रहा है वादग्रस्त रास्ता मार्क ए, बी, सी, डी के मध्य ग्राम पंचायत द्वारा प्रार्थीगण के पानी की पाईप लाईन भी बिछाई हुई है व प्रार्थीगण का जल सम्बन्ध लिया हुआ है। वादग्रस्त रास्ता के अलावा प्रार्थीगण के पास अन्य कोई वैकल्पिक रास्ता नहीं है। वादग्रस्त रास्ता मुख्य डामर सड़क के दक्षिण तरफ स्थित खसरा नम्बर 410 में से होता हुआ प्रार्थीगण के खेत खसरा नम्बर 1160/409 में चलता आया है उक्त वादग्रस्त बाबत् प्रार्थीगण को प्रथागत सुखाधिकार प्राप्त है। जिसकी चौड़ाई बीस फुट है, खसरा नम्बर 1160/409 में आने जाने का कोई कट्टाणी विद्यमान नहीं है मात्र वादग्रस्त रास्ता ही है। प्रार्थीगण के खेत खसरा नम्बर 1160/409 के उत्तर तरफ अप्रार्थी संख्या एक का खेत खसरा नम्बर 410 जो कि डामर सड़क के चिपते आई हुई है। वर्तमान में जमीनो के भाव बढ जाने से अप्रार्थी संख्या एक की नियत में खोट आ गई व व प्रार्थीगण के खेत में आने जाने का प्रथागत चलित रास्ता को अवरूद्ध कर दिया है जिस वादग्रस्त रास्ते को राजस्व रेकर्ड में रास्ता घोषित किया जावें। प्रार्थीगण की भूमि खसरा नम्बर 1160/409 पर आने जाने हेतु सबसे नजदीकी व सुलभतम रास्ता खसरा नम्बर 410 में स्थित वादग्रस्त रास्ता ही है। वादग्रस्त रास्ता के अलावा प्रार्थीगण के खेत में आने जाने हेतु आवागमन का अन्य कोई वैकल्पिक रास्ता नहीं है। एकमात्र रास्ता वादग्रस्त रास्ता ही है। वादग्रस्त रास्ता की चौडाई 20 फुट रखते हुए वादग्रस्त रास्ता को राजस्व रेकर्ड में रास्ता घोषित किया जावे। अतः प्रार्थनापत्र मय शपथपत्र पेश कर श्रीमान न्यायालय हाजा से विन्रम निवेदन है कि प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार फरमाया जाकर प्रार्थीगण के खेत खसरा नम्बर 1160/409 क्षेत्रफल 0.7766 हैक्टेयर भूमि में

उपखण्ड अधिकारी
पीपाड़ शहर

आने जाने का वादग्रस्त रास्ता, संलग्न नजरी नक्शे में लाल स्याही के मध्य दर्शाये रास्ते को रास्ता घोषित किया जाकर राजस्व रेकर्ड में रास्ता अमल दरामद किये जाने का आदेश फरमावें। नक्शे में वादग्रस्त रास्ता तरमीम किया जाने का आदेश फरमावे एंव अप्रार्थीगण को पाबंद किया जावें कि वादग्रस्त रास्ता हमेशा हमेंशा के लिए खुला रखे एवं वादग्रस्त रास्ता के प्रार्थीगण के उपयोग उपभोग में अप्रार्थीगण किसी प्रकार की बाधा व दखलअंदाजी उत्पन्न नही करे न ही किसी अन्य से करावें। अन्य अनुतोष जो हित प्रार्थीगण हो प्रार्थीगण के पक्ष मे अता फरमावें।

प्रार्थीगण के प्रार्थना पत्र को दर्ज रजिस्टर कर अप्रार्थीगण को नोटिस जारी किया गया। अप्रार्थी सं. 1 का सम्मन जरिये रजिस्टर्ड एडी प्रेषित किये जाने पर भी अनुपस्थित रहले पर उनके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही अमल में लायी गयी। अप्रार्थी सं. 2 तहसीलदार पीपाड़ शहर ने मौका कमिश्नर रिपोर्ट प्रस्तुत की है कि गीतादेवी वगैरा पिता किरताराम मेघवाल बनाम विमल चौरड़िया पुत्र पुखराज जाति महाजन साकिन चिरड़ाणी हाल निवासी बैंगलोर अन्तर्गत धारा 251 क आर.टीएक्ट में खसरा नम्बर 1160/409 में आने जाने के लिए रास्ते की मांग की है । जो मौका रिपोर्ट में संलग्न नजरी नक्शा अनुसार रास्ता मार्क एबीसीडी लम्बाई 72 मीटर चौड़ाई 15 फीट यानि 0.0331 हैक्टयर दर्शाथी गया हैं व रास्ता हेतु प्रस्तावित भूमि की डीएलसी दर अनुसार दुगुनी राशि 21900 रूपये बनती हैं।

हमने पत्रावली का अवलोकन किया, एवं मौका कमिश्नर रिपोर्ट दिनांक 29.08.2024 का अवलोकन करने पर पाया कि प्रार्थी के खेत खसरा नम्बर 1160/409 में आने जाने हेतु अप्रार्थी सं. 1 के खेत खसरा नम्बर 410 मार्क एबीसीडी लम्बाई 72 मीटर चौड़ाई 15 फीट यानि 0.0331 हैक्टयर प्रस्तावित हैं। क्योकि तहसीलदार पीपाड़ शहर द्वारा अपनी रिपोर्ट में बताया है कि उक्त प्रार्थना पत्र में प्रार्थीगण द्वारा चाहे गये रास्ते के अलावा अन्य कोई वैकल्पिक रास्ता नही है व उक्त रास्ता प्रार्थीगण हेतु आत्यांतिक आवश्यकता का हैं। व रास्ता व्यवहारिक व उचित है । अतः ग्राम चिरड़ाणी के खसरा नम्बर 1160/409 में आने जाने हेतु अप्रार्थी सं 1 के खेत खसरानम्बर 410 में से 0.0331 हैक्टयर भूमि रास्ते के उपयोग उपभोग हेतु घोषित की जाती हैं। तहसीलदार पीपाड़शहर को आदेश दिया जाता है कि वह राशि 21900/- रूपये का चैक/डी.डी. प्रार्थी से प्राप्त कर अप्रार्थी/राजकोष में जमा कराये एवं रास्ते की भूमि की तरमीम राजस्व नक्शे में करें । इस आशय की तहरीर तहसीलदार पीपाड़ शहर को जारी हों। मौका कमिश्नर रिपोर्ट दिनांक 29.08.2024 व उसमें संलग्न मौका फर्द व नजरी नक्शे को निर्णय का अंग समझा जावें। खर्चा पक्षकारान अपना अपना वहन करें।

(मृदुला शेखावत)
सहायक कलेक्टर एवं
पदेन उपखण्ड अधिकारी
पीपाड़ शहर

निर्णय आज दिनांक 17/06/25 को सर–ए–इजलास सुनाया गया ।

(मृदुला शेखावत)
सहायक कलेक्टर एवं
पदेन उपखण्ड अधिकारी
पीपाड़ शहर

18/9/24

राजस्थान सरकार

# कार्यालय तहसीलदार पीपाड़ शहर
# जिला जोधपुर ग्रामीण

क्रमांक : 251–क / 2024 / ना                                                  दिनांक : 24.08.2024

प्रेषित :– श्रीमान उपखण्ड अधिकारी महोदय पीपाडशहर।

विषय :– मौका कमिश्नर रिपोर्ट भिजवाने बाबत।

Rev.

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत सादर निवेदन हैं कि माननीय न्यायालय सहायक कलक्टर (एस.डी.ओं.) पीपाड़ शहर के निम्नांकित प्रकरण अन्तर्गत धारा 251 'क', राजस्थान काश्तकारी अधिनियम 1955 में मौका कमिश्नर रिपोर्ट मूल ही श्रीमान की सेवा में सादर प्रेषित है।

| क्र.सं. | प्रकरण संख्या | अनवान | ग्राम | विशेष विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 01. | 170 / 2024 | गीता देवी वगैराह बनाम विमल चौरडिया वगैराह | चिरढाणी | खसरा स. 1160 / 409 |
| | | | | |

सादर।

सलग्न–उक्तानुसार मूल मौका कमिश्नर रिपोर्ट।

भवदीय

तहसीलदार पीपाड़ शहर
जिला जोधपुर ग्रामीण

Signature Not Verified

Digitally signed by Vishna Ram
Designation : Tehsildar
Date: 2024.08.29 17:39:50 IST
Reason: Approved

Scanned with OKEN Scan

RajKaj Ref No.: 10108626

पेज(1)

मौका रिपोर्ट

(धारा 251(A) राजस्थान काश्तकारी अधिनियम के तहत)

मैं मोजाराम चौधरी (नाम) भू. अभिलेख निरीक्षक वृत्त चिरडाणी कार्यालय, तहसीलदार पीपाड़शहर के आदेश क्रमांक — दिनांक — की पालना में भूमि की मौका रिपोर्ट तैयार करने हेतु आज दिनांक 23/8/24 समय 1 बजे आराजी खसरा नम्बर- 1160/409 वाले व 410 ग्राम चिरडाणी पटवार मंडल चिरडाणी पर श्री मोहनलाल कच्छवाह पटवारी के साथ मौके पर पहुंचा।

समस्त पक्षकारों को तहसील कार्यालय से नोटिस क्रमांक — दिनांक — द्वारा जारी किये गये थे जिनकी तामील विधिवत रूप से करवायी गयी। समस्त पक्षकारों में से मौके पर निम्न पक्षकार उपस्थित है :-

| क.सं. | नाम | पिता का नाम | उम्र | जाति | प्रार्थी/अप्रार्थी |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | मदनलाल | किस्ताराम | 38 | मेघवाल | प्रार्थी |

उपर्युक्त पक्षकारों की उपस्थिति में भूमि का मौका मुआयना किया गया एवं मौका रिपोर्ट निम्नानुसार तैयार की गई :-

आज दिनांक 23/8/2024 को तरमीम दुरस्ति कैम्प चिरडाणी में दिये गये उप. खण्ड अधिकारी व तहसीलदार साहब पीपाड़शहर के निर्देशानुसार न्यायालय उप. खण्ड अधिकारी महोदय पीपाड़शहर में विचाराधीन प्रकरण सं. 170/2024 अनवान गीतादेवी कौशल पिता किस्ताराम मेघवाल बनाम विमल चोरड़िया S/o पुखराज जाति महाजन ग्राम चिरडाणी हाल निवास बैंगलूर अन्तर्गत धारा 251"क" में ख.न. 1160/409 में आने जाने के लिए रास्ते की जांच हेतु मौके पर पहुंचा जिसका नजरी नक्शा इस प्रकार है:-


मदनलाल

(हस्ताक्षर) 23/08/2024
ए. किस्त(?)

P.T.O

(हस्ताक्षर)
ILR चिरडाणी

## नजरी नक्शा (ग्राम चिरड़ाणी)




नोट:- ABCD. लम्बाई 72 मीटर चौड़ाई 15 फुट।
अपेक्षित रास्ते के अलावा अन्य कोई बेशकीमती जायदाद नहीं है।
अपेक्षित नक्शानुसार रकबा का विवरण इस प्रकार है।

| क्र.सं. | खातेदार का नाम | ख.नं. | कुल रकबा हे. | रास्ते के लिए रकबा | D.L.C. दर | D.L.C. के दोगुना राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ① | विमल चोरड़िया पुत्र पुखराज जाति महाजन निवासी बेंगलुरु खातेदार | 410 | 2.8962 | 0.0331 हे. | 3,30,733 | 21,900/- |

(अक्षरे इक्कीस हजार नौ सौ मात्र)

① ख.नं. 358 चिरड़ाणी के खेजड़ला मगरा रोड है।
② मार्ग ABCD. प्रस्तावित रास्ता है। 0.0331 हेक्टर।

[illegible] 23/8/24
PLR चिरड़ाणी

[illegible]

(H1 [illegible])
23/08/2024
[illegible]

सरकार ...लाड शहर ...

(3)

उक्त मौका रिपोर्ट उपस्थित पक्षकारों और मौतबिरानों को पढ़कर सुनायी गई। मौके पर उपस्थित पक्षकारों ने पढ़, सुन एवं समझ कर निम्न प्रकार हस्ताक्षर किये :-

| क्र.सं. | नाम | पिता का नाम | जाति | हस्ताक्षर | प्रार्थी/अप्रार्थी |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | मदनलाल | S/o किशनाराम | मेघवाल | मदनलाल | प्रार्थी |

निम्न पक्षकारों ने मौका रिपोर्ट पढ़, सुन, समझ कर हस्ताक्षर करने से इन्कार कर दिया :-

| क्र.सं. | नाम | पिता का नाम | उम्र | जाति | प्रार्थी/अप्रार्थी |
|---|---|---|---|---|---|
| | —— नील —— | | | | |

मौके पर उपस्थित अन्य मौतबिरान को भी उक्त मौका रिपोर्ट पढ़कर सुनायी गयी और उनके निम्न प्रकार हस्ताक्षर करवाये गये :-

| क्र.सं. | नाम | पिता का नाम | उम्र | जाति | पता/ मोबाईल नं. |
|---|---|---|---|---|---|
| | —— नील —— | | | | |

इस प्रकार आज दिनांक 23/8/24 को यह मौका रिपोर्ट तैयार की गई है।

(हस्ताक्षर) 23/8/2024
हस्ताक्षर
पटवारी
प. ह. पु० चिरड़ाणी

हस्ताक्षर 23/8/24
भू. अ. निरीक्षक
वृत........ चिरड़ाणी

हसील... ग्रामीण ...2024 ... शहर जिला जोधपुर

## राजस्थान सरकार

NIC-BHUNAKSHA

खसरा नक्शा एंव जमाबंदी(प्रतिलिपि)

जिला : जोधपुर


दिनांक : [redacted]

पटवारी हल्का : चिरडाणी

तहसील : पीपाड शहर

भू. अ. नि. क्षेत्र : चिरडाणी

ग्राम : चिरडाणी




Scale 1:500

खसरा सख्या :410 क्षेत्रफल : 2.8962 Hectare खाता संख्या : 303पुराना खाता संख्या :284

भूमि किस्म[क्षेत्रफल लगान ]: बारानी I [ 2.8962, 10.64 ]

1.) विमल चोरडिया पुत्र पुखराज हिस्सा- पूर्ण जाति- महाजन सा. बेंगलूरु खातेदार

राज कार्य हेतु प्रमाणित प्रति

सक्षम अधिकारी के हस्ताक्षर एंव सील

23/08/2024

23/08/2024

नोट :- १. यह प्रपत्र केवल प्रार्थी की जानकारी के लिए है।
२. इसका उपयोग किसी भी न्यायालय में साक्ष्य के रूप में नहीं किया जा सकता है।
३. प्रविष्टियों में संशोधन/सत्यापित प्रतिलिपि हेतु सम्बंधित जिला/तहसील कार्यालय में संपर्क करें। ULPIN no :

पटवारी (भू.अ)
पटवार मण्डल - चिरडाणी
तह पीपाड शहर (जोधपुर)

NIC-BHUNAKSHA

राजस्थान सरकार

खसरा नक्शा एंव जमाबंदी(प्रतिलिपि)

दिनांक : [redacted]


जिला : जोधपुर

तहसील : पीपाड शहर

भू. अ. नि. क्षेत्र : चिरडाणी

पटवारी हल्का : चिरडाणी

ग्राम : चिरडाणी




खसरा संख्या :1160/409 क्षेत्रफल : 0.7766 Hectare खाता संख्या : 776 पुराना खाता संख्या :68

भूमि किस्म[क्षेत्रफल लगान ]:

1.) गीता देवी पुत्री किरताराम हिस्सा- 1/4 जाति- मेघवाल सा.देह खातेदार

2.) पुनाराम पुत्र किरताराम हिस्सा- 1/4 जाति- मेघवाल सा.देह खातेदार

3.) मदनलाल पुत्र किरताराम हिस्सा- 1/4 जाति- मेघवाल सा.देह खातेदार

4.) सुवा पत्नि किरताराम हिस्सा- 1/4 जाति- मेघवाल सा.देह खातेदार

23/08/2024

23/08/2024

सक्षम अधिकारी के हस्ताक्षर एंव सील

पटवारी (भू.अ.)
पटवार मण्डल - चिरडाणी
तह. पीपाड शहर (जोधपुर)

नोट :- १. यह प्रपत्र केवल प्रार्थी की जानकारी के लिए है।
२. इसका उपयोग किसी भी न्यायालय में साक्ष्य के रूप में नहीं किया जा सकता है।
३. प्रविष्टियों में संशोधन/सत्यापित प्रतिलिपि हेतु सम्बंधित जिला/तहसील कार्यालय में संपर्क करें। ULPIN No. :